एक नजर में

त्रिवेदी बने प्रदेश महामंत्री

शाजापुर, 15 जुलाई . मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति पर, संगठन महामंत्री संजय कामले के अनुमोदन पर, प्रदेश प्रभारी विभाग एवं समस्त प्रकोष्ठ मप्र कांग्रेस कमेटी महेंद्र सिंह चौहान ने पूर्व पार्षद संजीव त्रिवेदी को मप्र कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है .

समाज अच्छी चीजों को अपनाएं, बुरी चीजों का त्याग करें

आगर-मालवा, 15 जुलाई . नशे से दूरी है जरूरी समाज अच्छी चीजों को अपनाएं एवं बुरी चीजों का त्याग करें और नशा मुक्त भारत प्रदेश एवं जिले के निर्माण में सहभागी बने, यह बात जिला कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कोतवाली थाना आगर में पुलिस विभाग द्वारा आयोजित नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2 .0 के जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही . इस अवसर पर एसपी दिलीप कुमार सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे . कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह अभियान नशा मुक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, ड्रग की समस्या के संबंध में सभी लोगों को जागरूक करना है ड्रग के दुष्प्रभावों से व्यक्ति, परिवार, समाज और प्रदेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है . एसपी दिलीप कुमार सोनी ने अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सरकार ने 2029 तक संपूर्ण भारत देश को ड्रग फ्री भारत बनाने का संकल्प लिया है, हम सब भी बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लें और नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं . उन्होंने प्रेस मीडिया संचार माध्यमों के प्रतिनिधियों से भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग का आव्हन किया . उद्बोधन के बाद कोतवाली आगर से नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2 .0 के तहत जागरूकता रथ एवं वृहद जागरूकता रैली आयोजित की गई . कलेक्टर प्रीति यादव एवं एसपी सोनी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ एवं वृहद रैली को रवाना किया . रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश देते हुए गुजरी . रैली का समापन गांधी उपवन पहुंचकर हुआ . टीआई शशि उपाध्याय ने प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और जिले में 15 से 30 जुलाई तक आयोजित होने वाली जागरूकता गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी . संचालन रजनीश स्वर्णकार ने किया . आभार एएसपी रविंद्र बोयत ने माना .

महिलाओं-बच्चों को बताए कानूनी अधिकार

शाजापुर, 15 जुलाई . मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था शाजापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया . कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बोरासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने भी सहभागिता की . श्रीमती नमिता बोरासी ने स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था शाजापुर के उपस्थित महिला प्रशिणार्थी को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, पॉक्सो अधिनियम, 2012 एवं पॉश अधिनियम, 2013 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायत प्रक्रिया तथा नि :शुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी . उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल तथा हिंसा मुक्त जीवन का अधिकार है . उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कानूनन दंडनीय अपराध है तथा प्रत्येक संस्था में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है . जहां पीड़ित महिला अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकती है . उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में विधिक सहायता प्राप्त करने का आग्रह किया . जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा ने बताया कि जिन संस्थानों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है . उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 महिलाओं के लिए संचालित वन स्टॉप सेंटर योजना तथा महिलाओं को उपलब्ध विभिन्न सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी . कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को नि :शुल्क विधिक सहायता योजनाओं, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी प्रदान की गई . शिविर में स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था शाजापुर के अधिकारी, प्रशिक्षार्थी, महिला प्रतिभागी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे .

11 जुआरियों से 93 हजार नकद, 12 मोबाइल, 9 बाइक और कार जब्त

मक्सी, 15 जुलाई . शाजापुर जिले में अवैध जुएं के कारोबार पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने बड़ा प्रहार करते हुए मक्सी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरोलिया में संचालित जुआ फड़ पर विशेष टीम से दबिश दिलवाई . खेत के बीच झोपड़ीनुमा जुआं घर पर हुई कार्रवाई में 11 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया . पुलिस ने मौके से 93 हजार 270 रुपए नकद, ताश के पत्ते, 12 मोबाइल, 9 मोटरसाइकिल और एक कार जब्त की है . पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के मार्गदर्शन में एसडीओपी शाजापुर अजय मिश्रा के नेतृत्व में डीआरपी लाइन से निरीक्षक मदन इवने सहित 11 सदस्यीय विशेष टीम गठित की गई . टीम ने सूचना का सत्यापन कर ग्राम सिरोलिया स्थित झरनेश्वर महादेव मंदिर के समीप खेत में प्लास्टिक की पन्नियों से बनाए गए अस्थायी जुआं घर पर चारों ओर से घेराबंदी कर दबिश दी . कार्रवाई के दौरान सादिक खान, भेरू सिंह, महेश लोधी, विष्णु लोधी, अजय नागर, सिद्दीक खान, शाहरुख खान, अफजल, रिजवान, शादाब और मामूर खान को गिरफ्तार किया गया . पुलिस के अनुसार जुआ फड़ का संचालन मक्सी निवासी प्रताप, विष्णु एवं महेश द्वारा किया जा रहा था . आरोपियों के विरुद्ध थाना मक्सी में अपराध क्रमांक 185/2026 के तहत जुआं एक्ट में मामला दर्ज किया गया है . साथ ही कुछ आदतन आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है . एसपी की स्पेशल 11 टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने मक्सी थाना प्रभारी संजय कुमार वर्मा को तत्काल लाइन अटैच कर दिया है .

कांग्रेस कबीलों के सरदारों से अलग-अलग मिलने आ रहे हैं अजय

शहर काजी के घर भी जाएंगे अजय सिंह, क्या किसी सनातनी धर्म गुरु के घर भी जाएंगे

शाजापुर, 15 जुलाई. चिंता इस बात की नहीं कि कबीले का क्या होगा, फिक्र तो इसकी है कि सरदार कौन होगा... गुटों और कबीलों में बटी कांग्रेस की गुटबाजी का अनुपम उदाहरण एक बार फिर पूर्व मंत्री अजय सिंह के दौरे पर देखने को मिल गया है. कांग्रेस के कबीलों के अलग-अलग सरदारों के घर जाकर वे मुलाकात करेंगे और इस मुलाकात को कांग्रेसी कांग्रेस को मजबूत करना बता रहे हैं. अब अलग-अलग कांग्रेस के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात कांग्रेस को कैसे मजबूत करेगी, ये तो कांग्रेसी ही बता सकते हैं. शाजापुर जिले में कराड़ा कांग्रेस, सिकरवार कांग्रेस, जोशी कांग्रेस अब एक नई कांग्रेस का इसमें नाम जुड़ गया है गोहिल कांग्रेस. इसके अलावा अजय सिंह के दौरे से एक और नई कांग्रेस का नाम चर्चा में है वाजपेयी कांग्रेस. हालांकि विनीत वापपेयी वो कांग्रेसी है, जो शुजालपुर में भाजपा की जीत की दुआ कर रहे थे और शाजापुर में भी वे समय-समय पर कराड़ा हराओ समिति के संयोजक रहे हैं, लेकिन इन दिनों वे अजय सिंह के स्वागत के लिए फ्लैक्स में विनीत वाजपेयी मित्र मंडल के नाम से स्वागत करने के लिए आतुर हैं.

गौरतलब है कि गुटबाजी और कबीलों में बटी कांग्रेस पहले ही अलग-थलग है. अब पूर्व मंत्री अजय सिंह के शाजापुर दौरे ने कबीलों में बटी कांग्रेस को सड़क पर ला दिया है. जिस तरीके से फ्लैक्स लगाए हैं, उसमें अपने-अपने समर्थकों के फोटो लगे हुए हैं. कराड़ा कांग्रेस का कार्यक्रम मल्हार गार्डन में है. गोहिल कांग्रेस का कार्यक्रम राधा गार्डन में है और सिकरवार कांग्रेस का कार्यक्रम उनके निवास पर है. इस बीच खबर यह भी है जिन्होंने समय-समय पर कांग्रेस की जड़ों में मट्ठा डालकर कांग्रेस को हराने का काम किया. जो कभी भाजपा को जिताने की कसमें खाते थे, कभी कांग्रेसी बन जाते थे, ऐसे एक महानुभव के घर भी अजय सिंह मेल मुलाकात करेंगे. कांग्रेस का नेता आए और मुस्लिम नेताओं के घर न जाए, ऐसा हो नहीं सकता. इसी क्रम में अजय सिंह वकील एहसानउल्ला काजी के घर भी जाएंगे. अब देखना यह है कि धर्म निरपेक्षता की बात करने वाली कांग्रेस के अजय सिंह का दौरा एहसानउल्ला काजी के घर तक ही सीमित रहता है या फिर शहर के किसी सनातनी धर्म गुरु के घर भी पहुंचता है.

पहले साथ थे, अब दावेदार हैं ...

पूर्व मंत्री हुकुमसिंह कराड़ा से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता वीरेंद्र सिंह गोहिल की दो दशकों से अधिक रही . लेकिन 2018 में वीरेंद्र सिंह गोहिल ने हुकुमसिंह कराड़ा का चुनाव में साथ दिया और हुकुमसिंह कराड़ा ने भी उन्हें जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पद की कुर्सी से नवाजा, लेकिन अब दोनों के बीच फिर एक बार अनबन तो नहीं पहले जैसा मन नहीं है . 2028 के चुनाव में सहकारिता नेता वीरेंद्र सिंह गोहिल भी शाजापुर विधानसभा से कांग्रेस के दावेदार बताए जा रहे हैं . खास बात यह है कि दोनों ही नेताओं के राजनीतिक आका दिग्विजय सिंह हैं . अब दिग्विजय सिंह 2028 में गोहिल को रिफिल करते हैं या कराड़ा का पलड़ा भारी करते हैं .

ये कैसी धर्म निरपेक्षता ...

एक तरफ कांग्रेस के नेता अपने आप को धर्म निरपेक्ष बताते हैं, लेकिन पूर्व मंत्री अजय सिंह का शाजापुर आगमन पर कांग्रेस नेताओं के अलावा वे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एहसानउल्ला काजी के भी घर जाएंगे . यदि अजय सिंह किसी सनातनी धर्म गुरु के घर जाते हैं, तो वे सही मायने में धर्म निरपेक्ष नेता कहलाएंगे . यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर कांग्रेस का अपना वोट बैंक अल्पसंख्यक तुष्टिकरण ही माना जाएगा .

पूर्व मंत्री अजय सिंह आज शुजालपुर प्रवास पर

शुजालपुर, 15 जुलाई. पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह के सुपुत्र एवं पूर्व मंत्री विधायक अजय सिंह गुरुवार 16 जुलाई को शुजालपुर प्रवास पर रहेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 3 बजे शुजालपुर पहुंचेंगे और प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार के अकोदिया नाका स्थित ट्रैक्टर शोरूम पर पहुंचकर स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे. इसके बाद दोपहर 3. 30 बजे वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार एवं कांग्रेस नेता सागर परमार के निवास पहुंचकर उनसे भेंट करेंगे तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे. शुजालपुर प्रवास के पश्चात अजय सिंह शाजापुर जाएंगे जहां वे जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मल्हार गार्डन में संवाद कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे. जिसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों के शामिल होकर शाजापुर में ही उनका रात्रि विश्राम रहेगा. अगले दिन सुबह 9.30 बजे वे रामवीर सिंह सिकरवार के निवास पर पहुंचेंगे. इसके बाद आगर के लिए रवाना होंगे, जहां देवी दर्शन करने के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर एवं स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे.

जो कल तक जुआरियों-सटोरियों का सुरक्षित कॉरिडोर था, आज वहां सन्नाटा है ...

शाजापुर की फिजाओं में इन दिनों एक नई गूंज है. जो जिला कल तक जुआरियों का सुरक्षित कॉरिडोर था और सटोरियों के लिए महाकुंभ बना हुआ था. आज वहां अचानक सन्नाटा पसरा हुआ है. ऐसा लग रहा है मानो कि जिले के इन आर्थिक दिग्गजों ने अचानक सन्यास ले लिया हो. पिछले एक साल से शाजापुर में पुलिसिंग का हाल यह था मानो किसी फिल्म का स्लो मोशन दृश्य चल रहा हो. पुलिस और सटोरियों के बीच रिश्ता सदाबहार था. कहीं सेटिंग की खबरें थी, तो कहीं मिल बांटकर पार्टनरी से चल रहा था. जुआरियों के लिए पुलिस की तरफ से सुरक्षित कॉरिडोर था. हालांकि खेत में खुलेआम जुआं चलाने पर तत्कालीन कप्तान ने भीमसिंह की बलि ली थी. कहा जाता है हर फिल्म का एक क्लाइमेक्स होता है, तो अब पुलिस महकमे के पुराने क्लाइमेक्स का समय आया और नई एंट्री के रूप में महिला एसपी का प्रवेश हुआ. खाकी का जैसे ही नया मीटर और नया फॉर्मेट बदला, खेत में जुआं चल रहा था और इस बार जुएं की बलि संजय चढ़े. दो दिन पहले लूट के मामले में शाबाशी मिली थी, जो दो दिन बाद जुएं के कारण सजा में तब्दील हो गई. विभीषण भी उनके ही विभाग का बताया जा रहा है, जिन्होंने मक्सी में दिलेरी के साथ चल रहे जुएं की लाइव लोकेशन दी. इस पूरी कार्यवाही में दिलचस्प हिस्सा यह है कि नए कप्तान ने जिले की पुलिस को खुली चेतावनी दी और साफ कह दिया कि यदि किसी भी वर्दी का रंग जुआरियों और सटोरियों के नोटों के रंग से मिला, तो फिर खैर नहीं है. अब इसे खाकी का कायाकल्प कहें या डर की वापसी. परिणाम स्पष्ट है कि जुआरियों और सटोरियों के लिए अब न तो कोई बेटिंग करने वाला मिलेगा और न ही पिच तैयार करने वाला. अब सटोरिये और जुआरी वेट एंड वॉच की मुद्रा में है, तो पुलिस वाले सतर्क और सावधान. जिले की जनता भी बस इतना ही कह रही है कि हुजुर बस इसी तरह टाइट बनी रहे ये हवा, वरना जिले में फिर न बन जाए जुआरियों का अखाड़ा.

पुलिस डायरी
मनोज पुरोहित

जुएं में थाना हार गए दो कोतवाल

जंगल-जंगल जुएं की महफिल जमाने में दो कोतवाल अपना ही थाना हार गए. दो महीने पहले जुएं को सुरक्षित कॉरिडोर बनाने में भीमसिंह पटेल को रोजगार याने टीआई पद से हाथ धोना पड़ा और अब नए कप्तान के आते ही जिनकी आंखों से मक्सी पुलिस कानून व्यवस्था देखती थी, आज उन्हें भी अपनी कुर्सी गंवाना पड़ी. अब दोनों थाना प्रभारी अपनी-अपनी कुर्सी जुएं में दांव पर लगाकर एक ही जगह जमा हो गए हैं.

बंदी बंद करके नशा अभियान का संकल्प लें

प्रदेश पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान शुरू किया है. अब लोगों को नशे से दूर करने की समझाइश दी जा रही है, तो उन लोगों को अब उन ठेकेदारों से भी दूर रहना चाहिए, जो हर महीने बंदी देते हैं. याने कि शराब ठेकेदार से हर महीने थानों पर जो बंदी मिलती है, उसे यदि खुद थाना प्रभारी न लेने का संकल्प लें, तो नशा अभियान सही मायने में सार्थक साबित होगा.

अंत में...

पुलिस का शुद्धिकरण अभियान मक्सी से शुरू. खाकी का नया मीटर और सटोरियों-जुआरियों का डाउनफॉल.

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिए अधिकारी नियुक्त

शाजापुर, 15 जुलाई. मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उदेश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 7 अगस्त को जिला स्तर पर किया जाएगा. उक्त क्विज प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से प्रभारी अधिकारी सहायक संचालक शिक्षा विभाग राजेन्द्र शिप्रे एवं प्रतियोगिता संचालन के लिए क्विज मास्टर माशि मावि बिजाना शुभम शर्मा को नियुक्त किया गया है.

तालाब के आसपास की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए

आगर-मालवा, 15 जुलाई. सामाजिक कार्यकर्ता राजेश देसाई ने कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन देकर बड़ा तालाब के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने व अवैध कब्जाधारियों पर कार्यवाही किए जाने के मांग की है.

देसाई ने अपने आवेदन में लिखा है कि आगर का बड़ा तालाब जो कि भोपाल के बाद प्रदेश में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा तालाब है, इसके आस-पास पूरा साहब नगर, गैस गोडाउन व तहसील कार्यालय की ओर ग्रीन बेल्ट व गोचर भूमि पर कई भू माफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है. इन लोगों ने कब्जा करने के साथ ही वहां की मिट्टी भी खोद दी है, जिसके कारण बरसात के दिनों में तालाब में आने वाले पानी की आवक बंद हो गई है तथा बरसात का पानी खोदी गई मिट्टी के कारण लाल होकर तालाब में मिल रहा है, जिससे तालाब का पानी भी प्रदूषित हो रहा है. आवेदन में यह भी लिखा है कि बड़ा तालाब आगर की जीवन रेखा है, जिससे कई जल स्रोत वर्ष भर जीवित रहते हैं. तालाब के आसपास किए जा रहे अतिक्रमण से तालाब की सीमा भी कम होती जा रही है तथा पानी की आवक भी कम हो रही है. अवैध कब्जाधारियों का कब्जा हटाने के साथ ही उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है. देसाई ने आवेदन की प्रति क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन एवं अन्य जिला अधिकारियों को दी है.

दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

शाजापुर, 15 जुलाई. कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर द्वारा 14 एवं 15 जुलाई को राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन अंतर्गत कृषि विभाग शाजापुर के सहयोग से दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम चौकी मुरादाबाद विकासखंड मोहन बड़ोदिया में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम चौकी मुरादाबाद के सरपंच भादर सिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया गया.

कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. गायत्री वर्मा रावल, डॉ. मुकेश सिंह, डॉ. डीके तिवारी, उद्यान विभाग से जेपी परमार एवं कृषि विभाग से लंकेश मुकाती उपस्थित रहे. कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती कृषक मास्टर ट्रेनर हरि सिंह ठाकुर एवं 60 से अधिक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे. कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए तिलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाना समय की आवश्यकता है. उन्होंने किसानों को तिलहनी फसलों का वैज्ञानिक विधि से उत्पादन करने का आग्रह किया. सरपंच मेवाड़ा द्वारा कृषकों को वैज्ञानिकों द्वारा दी गई तकनीकी सलाह को व्यवहारिक रूप से अपनाए जाने हेतु प्रेरित किया गया. आभार डॉ. डीके तिवारी ने माना.

बिजली केबल में लगी आग

मक्सी, 15 जुलाई. नगर के पीठा रोड स्थित कन्या स्कूल के समीप बुधवार शाम बिजली के पोल में अचानक आग लग गई. आग लगने से पोल पर लगी केबल धू-धू कर जलने लगी और वहां लगे दो सीसीटीवी कैमरे भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गए. घटना के दौरान आसपास के क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी. सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई. घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दो सीसीटीवी कैमरे और केबल जलने से आर्थिक नुकसान हुआ है. समाचार लिखे जाने तक विद्युत विभाग द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही थी.

आज जगत को दर्शन देने निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

शाजापुर, 15 जुलाई. भावसार समाज द्वारा गुरूवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. जो प्रात: 8.30 बजे भावसार धर्मशाला से प्रारंभ होगी. जहां से भगवान जगन्नाथ रथ में सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे. जगन्नाथ मंदिर समिति संयोजक रामचंद्र मुन्ना भावसार ने बताया कि भावसार समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जा रही है. जिसकी शुरूआत भावसार धर्मशाला स्थित हिंगलाज मंदिर से प्रात: 8.30 बजे होगी. जो कंस चैराहा, सोमवारिया बाजार, श्रीराम मार्केट, आजाद चौक छोटा चौक, किलारोड, धानमंडी, महूपुरा रपट होती हुई मुरादपुरा रोड डासी स्थित जगन्नाथ मंदिर पर दोपहर 12 बजे पहुंचेगी. जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा.

दूध डेयरी का गेट तोड़कर लैपटॉप व पर्स चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

शुजालपुर, 15 जुलाई. क्षेत्र के जेठड़ा मार्ग स्थित एक दूध डेयरी में अज्ञात चोर ने रात के समय गेट तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोर डेयरी से लैपटॉप, पर्स और महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर फरार हो गया. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम खलीलपुर निवासी ओमप्रकाश मालवीय जेठडा जोड़ से जेठड़ा गांव मार्ग पर पार्थ दूध डेयरी का संचालन करते हैं. फरियादी ने बताया कि 14 जुलाई की रात करीब 11.30 बजे वह डेयरी बंद कर ताला लगाकर अपने गांव चला गया था. बुधवार सुबह करीब 7 बजे जब वह डेयरी पहुंचा तो सामने लगा चद्दर का गेट टूटा हुआ मिला. डेयरी के केबिन की जांच करने पर लेनोवो कंपनी का करीब 40 हजार रुपये कीमत का लैपटॉप और पर्स गायब मिला. पर्स में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा कुछ नकदी रखी हुई थी. आशंका है कि अज्ञात चोर गेट तोड़कर अंदर घुसा और सामान चोरी कर फरार हो गया. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया है.

एक नजर में — जेएनएस कॉलेज में लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने मेरा पेड़ मेरी जिम्मेदारी के तहत रोपे पौधे

शुजालपुर, 15 जुलाई. बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के नवाचार मेरा पेड़ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराना था. विद्यार्थियों को बताया गया कि पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा, शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, उपलब्ध सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया. इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का परिचय विद्यार्थियों से कराया तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी.

विभागों की जानकारी दी ...

एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. रवि राठौर ने विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया . भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया ने भारतीय संस्कृति, परम्पराओं एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया . राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने नियमित गतिविधियों की जानकारी दी . विधि विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को विधि शिक्षा के महत्व के बारे में बताया . कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग तथा बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे .